कागजों में साफ शहर, गलियों में कचरे के ढेर!

सफाई के दावों और मोहल्लों की हकीकत के बीच कितना फासला?

दिव्यानंद अर्गल

ग्वालियर, 18 अक्टूबर। शहर को स्वच्छ बनाने के दावे और मोहल्लों में सफाई की वास्तविक स्थिति के बीच का अंतर अब बड़ा सवाल बन गया है। कहीं कचरा उठने का इंतजार, कहीं खुले स्थानों पर जमा गंदगी तो कहीं घर-घर कचरा संग्रहण की अनियमितता से जुड़ी शिकायतें नगर निगम की सफाई व्यवस्था की समीक्षा की जरूरत बताती हैं। सवाल यह है कि जब शहर में सफाई व्यवस्था के लिए कर्मचारी, वाहन और संसाधन उपलब्ध कराने की योजना है, तो फिर कुछ इलाकों में कचरा जमा होने की समस्या क्यों सामने आती है?

सफाई के बाद फिर जमा हो जाता है कचरा : मोहल्लों में सफाई व्यवस्था का आकलन केवल सड़क पर झाड़ू लगने से नहीं किया जा सकता। यह देखना भी जरूरी है कि सफाई के बाद कचरा कितनी देर में उठाया जाता है, घर-घर कचरा लेने वाला वाहन निर्धारित समय पर पहुंचता है या नहीं और खुले स्थानों पर दोबारा कचरा जमा होने से रोकने के लिए क्या व्यवस्था है।

शिकायतें दर्ज, लेकिन समाधान कितना प्रभावी: नगर निगम के शिकायत प्रबंधन पोर्टल पर कचरा उठाने, झाड़ू लगाने और नाली सफाई से संबंधित शिकायतें दर्ज हैं। पोर्टल पर कुछ शिकायतों में घर-घर कचरा संग्रहण वाहन नहीं पहुंचने और खुले स्थानों पर कचरा जमा होने की समस्याएं भी दर्ज की गई थीं। शिकायतों का निराकृत होना और मौके पर समस्या का स्थायी समाधान होना दो अलग-अलग बातें हैं। इसलिए शिकायतों के निस्तारण की स्थिति का जमीनी सत्यापन जरूरी है।

शहर को स्वच्छ रखना हम सबकी जिम्मेदारी : धनेले

स्वच्छ ब्रांड एंबेसडर **प्रमोद धनेले** ने कहा कि शहर को साफ रखने की जिम्मेदारी केवल नगर निगम की नहीं, बल्कि हर नागरिक की है। जिस तरह हम अपने घर को साफ रखते हैं, उसी तरह शहर को भी अपना घर समझकर स्वच्छता बनाए रखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नगर निगम के कर्मचारी दिन-रात मेहनत कर शहर की सफाई में जुटे हैं। इसके बावजूद नागरिकों की लापरवाही के कारण कचरा सड़कों और गलियों में जमा होता है। शहर से प्रतिदिन करीब 650 टन कचरा निकलता है, जबकि 400 से 450 टन कचरा ही उठ पाता है। धनेले ने नागरिकों से अपील की कि कचरा निर्धारित समय पर गाड़ी में डालें और स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि कहीं भी कचरा दिखाई देने पर 'स्वच्छ ग्वालियर' ऐप के माध्यम से शिकायत दर्ज कराएं, ताकि समय पर कार्रवाई हो सके।

हमारे इलाके में कचरा नियमित रूप से नहीं उठता

कई बार कचरा जमा रहने से आसपास गंदगी फैलती है। सफाई कर्मचारी आते भी हैं तो कचरा उठाने की व्यवस्था नियमित होनी चाहिए, ताकि लोगों को रोज इस परेशानी का सामना न करना पड़े।

- सूरज कुशवाह, रहवासी

कचरा वाहन के आने का समय तय होना चाहिए। कई बार लोगों को समझ नहीं आता कि कचरा कब दें और कब तक इंतजार करें। नगर निगम को शिकायतों पर कार्रवाई के साथ यह भी देखना चाहिए कि समस्या दोबारा पैदा न हो।

- पंकज, रहवासी

सफाई व्यवस्था पर हाईकोर्ट भी उठा चुका सवाल: ग्वालियर में कचरा संग्रहण और निस्तारण की व्यवस्था को लेकर मामला मध्य प्रदेश हाईकोर्ट तक पहुंच चुका है। फरवरी 2026 में सामने आई सुनवाई की रिपोर्ट के अनुसार, शहर के कई वार्डों में कचरा संग्रहण की अनियमितता पर अदालत ने चिंता जताई थी और नगर निगम से प्रगति तथा खर्च का विस्तृत ब्योरा मांगा था। यह स्थिति बताती है कि सफाई व्यवस्था में केवल योजनाएं बनाना पर्याप्त नहीं है।

नक्षत्र प्रदर्शनी का समापन, कलाकार सम्मानित

पारंपरिक कला को मिला मंच, हस्तनिर्मित उत्पादों ने मोहा मन

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 18 अक्टूबर। कला वीथिका में आयोजित 'नक्षत्र प्रदर्शनी' का रविवार को गणेश आरती और वंदना के साथ समापन हुआ। प्रदर्शनी में पारंपरिक और आधुनिक कलाकृतियों के आकर्षक संगम ने लोगों का ध्यान खींचा। समापन समारोह की मुख्य अतिथि सरला सोनेजा रहीं।

उन्होंने प्रदर्शनी में शामिल कलाकारों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। प्रदर्शनी में करीब 30 स्टॉल लगाए गए, जिनमें हस्तनिर्मित आभूषण, डिजाइनर साड़ियां, सूट, हैंड पेंटेड उत्पाद, सजावटी सामग्री और दीपावली से जुड़ी वस्तुएं प्रदर्शित की गईं। रामकृष्ण आश्रम के दिव्यांग बच्चों द्वारा तैयार किए गए दीये, लिफाफे और साड़ी कवर भी आकर्षण का केंद्र रहे।

महिलाओं की प्रतिभा को मिला प्रोत्साहन : मुख्य अतिथि सरला सोनेजा ने कहा कि पारंपरिक कलाओं को पुनर्जीवित करने और महिलाओं की प्रतिभा को सामने लाने के लिए ऐसे आयोजन जरूरी हैं। इससे महिलाओं को अपनी कला प्रदर्शित करने और आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि पारंपरिक कला को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने में ऐसे आयोजन महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

स्थानीय कलाकारों को मंच देना उद्देश्य: आयोजक सरिता सक्सेना ने कहा कि नक्षत्र प्रदर्शनी का उद्देश्य स्थानीय कलाकारों और महिलाओं को अपनी रचनात्मकता प्रदर्शित करने के साथ उनके उत्पादों के लिए बाजार उपलब्ध कराने का अवसर देना है। ऐसे आयोजनों से कलाकारों का उत्साह बढ़ता है और उनकी कला को पहचान मिलती है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस तरह के आयोजन जारी रखने का प्रयास रहेगा, ताकि पारंपरिक कला और संस्कृति को बढ़ावा मिल सके।

दाल बाजार में दुकानों के ताले टूटे आरोपी गिरफ्तार

ग्वालियर, 18 अक्टूबर। कोतवाली थाना पुलिस ने दाल बाजार में दुकानों के ताले तोड़कर चोरी करने के मामले में 19 वर्षीय आरोपी शिवम उर्फ कालिया बंशकार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से दो चांदी के सिक्के और दो हजार रुपए नकद बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, 14 अक्टूबर की रात चोर ने दाल बाजार स्थित किराना दुकान के गल्ले से 4300 रुपए और दो चांदी के सिक्के चोरी किए थे। इसके अलावा पास की दूसरी दुकान के काउंटर की दराज तोड़कर रुपए चुराए और एक गोदाम का ताला भी तोड़ा था। फरियादी की शिकायत पर कोतवाली थाने में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 17 अक्टूबर को माढ़रे की माता आयुर्वेदिक कॉलेज की टंकी के पास से आरोपी को पकड़ा। पूछताछ में उसने चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस के अनुसार, शेष रकम आरोपी खर्च कर चुका था। कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह के निर्देश पर सीएसपी लश्कर किरण अहिरवार के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी विनोद विनायक करकरे की टीम ने की।

'सोच मोबाइल' के जरिए विज्ञान सीखेंगे बच्चे

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 18 अक्टूबर। बच्चों को प्रयोग आधारित विज्ञान एवं तकनीकी शिक्षा देने के लिए आईएससीआई फाउंडेशन ने 'सोच मोबाईल की शुरुआत की है। शनिवार को ग्राम जमाहर स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में एएसपी ओएल मीडिया के संस्थापक एवं सीईओ प्रियेश कुमार ने लैब का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर परिधि यादव, स्वेता मोदी, मोहित मोदी और प्राचार्य संगीता पाल उपस्थित रहीं।मिनी बस आधारित इस लैब में 40 से अधिक प्रयोग एवं शैक्षणिक परियोजनाओं के साथ 3डी प्रिंटर, टेलीस्कोप, डिजिटल माइक्रोस्कोप, रोबोटिक्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, स्मार्ट टीवी और ऑगमेंटेड रियलिटी जैसी सुविधाएं हैं। लैब सोमवार से शनिवार तक ग्वालियर के छह ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी सरकारी विद्यालयों में पहुंचेगी। साथ ही झुग्गी-बस्तियों के बच्चों के लिए नि:शुल्क कक्षाएं भी लगाई जाएंगी। उद्घाटन के दौरान बच्चों ने वैज्ञानिक प्रयोगों का अनुभव लिया। विद्यार्थियों से विद्यालय की आवश्यक सुविधाओं के सुझाव भी लिए गए। फाउंडेशन ने छात्राओं के लिए सैनिटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन और सैनिटरी वेस्ट इनसिनरेटर स्थापित करने का आश्वासन दिया। प्राचार्य संगीता पाल ने पहल को उपयोगी बताया। निदेशक स्वेता मोदी और मोहित मोदी ने कहा कि इसका उद्देश्य बच्चों में वैज्ञानिक जिज्ञासा, रचनात्मकता और नवाचार को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में फाउंडेशन के 30 से अधिक स्वयंसेवकों ने सहयोग किया।

सरस्वती शिशु मंदिर में हुआ माई की स्तुति कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 18 अक्टूबर। सरस्वती शिशु मंदिर चिटनिस की गोठ एवं गोरखी विद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में शारदीय नवरात्रि के अवसर पर प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी माई की स्तुति सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य वक्ता प्रांत कार्यकारिणी सदस्य राजेश शुक्ला, लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक निरंजन शर्मा, पीजीवी कॉलेज प्राचार्य सुनील पाठक, प्रांत कार्यकारिणी उपाध्यक्ष सरिता पटेल, भाजपा युवा सोशल मीडिया प्रभारी यश शर्मा, वंदना शर्मा, विद्यालय व्यवस्थापक संदीप शर्मा और प्रबंध समिति सदस्य ओपी शर्मा मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और हनुमान पूजन के साथ हुआ।

कार्यक्रम में विद्यालय परिसर में स्थापित नौ देवियों की विधि-विधान से पूजा के बाद छात्र-छात्राओं ने 'तेरे ही भरोसे हनुमान', और 'अयि गिरिनंदिनी' पर समूह नृत्य तथा गरबा-डांडिया की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन महाआरती और प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

मानव अधिकार प्रोटेक्शन ने किया कन्या पूजन

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 18 अक्टूबर। मानव अधिकार प्रोटेक्शन ग्वालियर इकाई जिला अध्यक्ष रेखा गंभीर एवं उनकी टीम द्वारा करौली माता मंदिर में श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ कन्या पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन मानव अधिकार प्रोटेक्शन के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र झा एवं प्रदेश कमेटी संरक्षक हुकुम चंद्र जैन के निर्देशानुसार जिलाध्यक्ष रेखा गंभीर के नेतृत्व में महलगांव स्थित करौली माता मंदिर पर कन्याओं का पूजन कर उन्हें माता की चुनरी, बिस्किट एवं अन्य उपहार भेंट किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य कन्याओं के प्रति सम्मान, श्रद्धा एवं सामाजिक सद्भाव की भावना को प्रोत्साहित करना तथा समाज में नारी सम्मान और सेवा का संदेश देना रहा। कार्यक्रम में यदुराज गंभीर, मोहित शर्मा एवं मोहम्मद आदिल खान, निर्मल माहौर, दुर्गा प्रसाद आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

अमिताभ बच्चन से मिले ग्वालियरवासी, सौरभ को मिला स्मृति-चिह्न

ग्वालियर, 18 अक्टूबर। शहर के सौरभ जैन एवं मोनिका जैन सहित विन्यास योग स्टूडियो के गौरव जैन, डॉ. ललिता, पूजा जैन और उनके परिवारजनों को कौन बनेगा करोड़पति (केबीसी) के सेट पर सदी के महानायक अमिताभ बच्चन से मुलाकात का अवसर मिला। इस यादगार मुलाकात के दौरान अमिताभ बच्चन ने सभी से आत्मीयता से बातचीत की। इस अवसर पर उन्होंने सौरभ जैन को स्मृति-चिह्न भेंट किया। इसे सौरभ जैन और उनके परिवार ने अपने जीवन का अविस्मरणीय पल बताया। अमिताभ बच्चन भारतीय सिनेमा के प्रतिष्ठित अभिनेताओं में शामिल हैं। अपने शानदार अभिनय और लंबे फिल्मी सफर के जरिए उन्होंने देश-विदेश में विशेष पहचान बनाई है। ऐसे में उनसे मुलाकात और उनके हाथों स्मृति-चिह्न प्राप्त करना ग्वालियरवासियों के लिए भी खुशी और गौरव का विषय रहा। सभी ने इस आत्मीय मुलाकात के लिए अमिताभ बच्चन के प्रति आभार व्यक्त किया।

आईटीएम के छात्रों ने किया स्वच्छता व नशा मुक्ति के प्रति जागरूक

स्वच्छता अभियान चलाकर किया श्रमदान, ग्रामीणों से संवाद कर नशा मुक्ति के लिए प्रेरित किया

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 18 अक्टूबर। इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट (आईटीएम) ग्वालियर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गोद लिए डबरा ब्लॉक के ग्राम बडेरा बुजुर्ग में उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण, नशा मुक्ति एवं क्लीन एंड ग्रीन इंडिया विषय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन नरेंद्र कुमार वर्मा (कार्यक्रम अधिकारी, रासेयो, आईटीएम ग्वालियर) के मार्गदर्शन में और बृजेन्द्र रजक के क्रियान्वयन में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर आईटीएम की ओर से मनोज शर्मा, आर.के. राजोरिया और रासेयो बालेंटियर छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

ग्राम बडेरा बुजुर्ग में कार्यक्रम के दौरान स्थानीय स्कूल परिसर और उसके पासपास के क्षेत्र को आईटीएम के छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता अभियान चलाकर श्रमदान करते हुए कचरे को साफकिया और ग्रामीणों को स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही छात्र-छात्राओं ने ग्रामीणों के साथ स्वच्छता एवं नशा मुक्ति को लेकर संवाद किया। इस दौरान स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने, कचरा निर्धारित स्थान पर डालने, सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने तथा नशे से दूर रहने के महत्व पर जागरूक किया गया। छात्र-छात्राओं ने ग्रामीणों को क्लीन एंड ग्रीन इंडिया की अवधारणा से जोड़ते हुए स्वच्छ एवं हरित गांव के निर्माण में सामूहिक सहभागिता का आव्हान किया।

स्वच्छता रैली निकाली, बताया कचरा प्रबंधन करना

आईटीएम के विद्यार्थियों ने गोद ग्राम बडेरा बुजुर्ग, डबरा ब्लॉक में स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया। रैली के माध्यम से ग्रामीणों को स्वच्छता बनाए रखने, सार्वजनिक स्थानों पर कचरा न फैलाने तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ ग्राम के निर्माण के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने ग्रामीणों एवं स्कूली बच्चों के साथ गीले एवं सूखे कचरे के पृथक्करण एवं उचित प्रबंधन पर चर्चा की। गीले कचरे को जैविक कचरे के रूप में अलग रखने तथा सूखे कचरे को अलग एकत्रित कर उचित तरीके से निस्तारित करने के महत्व के बारे में जानकारी दी।

दशहरे पर वैश्य समाज करेगा शस्त्र-शास्त्र पूजन

ग्वालियर, 18 अक्टूबर। वैश्य महासम्मेलन द्वारा दशहरे पर 20 अक्टूबर को रंगमहल गार्डन में सामूहिक शस्त्र एवं शास्त्र पूजन समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधिपति जितेन्द्र माहेश्वरी और हाईकोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ के न्यायमूर्ति राजेश गुप्ता उपस्थित रहेंगे। आयोजन में वैश्य समाज की करीब 200 महिलाएं भी शामिल होंगी। प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, जिलाध्यक्ष अजय गोयल और युवा इकाई अध्यक्ष विवेक गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में विधिवत पूजन के साथ लाइसेंसी शस्त्रधारक वैश्य बंधु शामिल होंगे। सबसे पहले एक शस्त्रधारक को पगड़ी बांधी जाएगी, इसके बाद दोपहर 3.30 से 4.30 बजे तक पंडितों द्वारा शस्त्र पूजन कराया जाएगा।

आयोजन स्थल पर शस्त्रों की नि:शुल्क सर्विस की व्यवस्था भी रहेगी। पूजन के बाद दशहरा मिलन और स्वल्पाहार होगा। मुकेश अग्रवाल ने कहा कि समाज महाराजा अग्रसेन के आदर्शों पर चलते हुए भाईचारे, सद्भाव और समाजसेवा को बढ़ावा देता है। उन्होंने शस्त्रधारकों से शस्त्र के साथ कारतूस नहीं लाने, लाइसेंस साथ रखने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। संभागीय अध्यक्ष जगदीश मित्तल ने बताया कि समारोह में समाज की 200 महिलाएं भी भाग लेंगी।



एमिटी विवि में नेशनल रिसर्चोथॉन में देशभर की टीमों ने दिखाए नवाचार

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 18 अक्टूबर। एमिटी विश्वविद्यालय ग्वालियर में आयोजित तीन दिवसीय नेशनल रिसर्चोथॉन 2026 का समापन हुआ। आयोजन में देशभर से सौ से अधिक टीमों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने शोध, नवाचार और तकनीक आधारित समाधान प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम का आयोजन IEEE स्टूडेंट ब्रांच और एमिटी स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी ने किया। इसमें एमिटी इनोवेशन इन्क्यूबेटर का सहयोग रहा, जबकि IEEE मध्य प्रदेश सेक्शन ने प्रायोजन किया। आयोजन का उद्देश्य युवा शोधकर्ताओं को अपने नवाचार और वास्तविक समस्याओं के समाधान प्रस्तुत करने के लिए राष्ट्रीय मंच उपलब्ध कराना था।

कार्यक्रम में IEEE मध्य प्रदेश सेक्शन के चेयरमैन प्रो. जीएस तोमर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विशेष अतिथियों में ग्रीनपैक लिमिटेड, मालनपुर के मानव संसाधन प्रमुख समीर कुमार राउत, MITS ग्वालियर के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग अध्यक्ष एवं IEEE मप्र सेक्शन के वाइस चेयरमैन प्रो. (डॉ.) मनीष दीक्षित तथा एलिक्सर इंडस्ट्री प्राइवेट लि., मालनपुर के एजीएम अनिकेत मिश्रा शामिल रहे।

प्रस्तुत प्रोजेक्ट का मूल्यांकन विक्रांत यूनिवर्सिटी के प्रो. (डॉ.) सौरभ प्रताप सिंह राठौर और IEEE ग्वालियर के डॉ. संदेश जैन एवं डॉ. सोमेश कुमार ने किया।

आयोजन की थीम 'एक्सप्लोर, रिसर्च, इनोवेट, सॉल्व' रही। इसके तहत अंतरविषयी शोध, टिकाऊ नवाचार और सामाजिक चुनौतियों के व्यावहारिक समाधान पर जोर दिया गया। कार्यक्रम आयोजन टीम में डॉ. अशोक कुमार, डॉ. झंकार मूलचंदानी, डॉ. प्रवीण गुप्ता और डॉ. विक्रांत चोले शामिल रहे। डॉ. दिनेश शर्मा ने कार्यक्रम समन्वयक की भूमिका निभाई। एमिटी यूनिवर्सिटी मध्य प्रदेश के प्रो-चांसलर लेफ्टिनेंट जनरल वीके शर्मा और कुलपति प्रो. (डॉ.) आरएस तोमर ने शुभकामनाएं दीं।

थाटीपुर दशहरा मैदान में होगा 55 फुट रावण के पुतले का दहन

ग्वालियर, 18 अक्टूबर। दशहरा उत्सव एवं सांस्कृतिक समिति थाटीपुर ग्वालियर द्वारा दशहरा को सायं 8: 30 बजे रावण,कुंभकरण, मेघनाद के पुतलों का दहन किया जावेगा। इस वर्ष रावण के पुतले की ऊंचाई 55 फुट एवं कुंभकरण तथा मेघनाथ के पुतले की ऊंचाई 50 फुट रखी गई है समिति के संरक्षक देवेंद्र प्रताप सिंह तोमर रामू ने बताया कि यह परंपरा 72 वर्षों से लगातार चली आ रही है। इसी के साथ-साथ भव्य आतिशबाजी का प्रदर्शन भी होगा। उत्सव समिति के अध्यक्ष पूर्व पार्षद दिनेश दीक्षित एवं कार्यक्रम संयोजक नरेन्द्र सिंह सिकरवार ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर तथा अन्य विशिष्ट अतिथि भी सम्मिलित होंगे। समिति के उम्मेद सिंह, पार्षद नागेंद्र राणा, लक्ष्मीकांत श्रीवास्तव, गुड्डू तोमर, प्रभुनाथ मिश्रा शैलू सेंगर आदि उपस्थित थे।

विधायक डॉ. सिकरवार ने ममता को रोजगार के लिए दिया हाथठेला

ग्वालियर, 18 अक्टूबर। ग्वालियर पूर्व विधानसभा के भीमनगर निवासी श्रीमती ममता को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने हाथठेला प्रदान किया। इस अवसर पर विधायक डॉ. सिकरवार ने कहा कि 'कांग्रेस की सोच ही सेवा की सोच है।

हमारा प्रयास है कि कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति बेरोजगार न रहे। श्रीमती ममता को रोजगार के लिए हाथठेला दिया गया है ताकि वे सम्मान के साथ अपने परिवार का भरण-पोषण कर सकें। हाथठेला मिलने पर श्रीमती ममता ने विधायक डॉ. सतीश सिकरवार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे उनके परिवार को रोजगार का सहारा मिलेगा।